एक नजर में

बीएसी एवं जनशिक्षकों की काउंसलिंग स्थगित

राजगढ़ 06 अगस्त, का. जिला परियोजना समन्वयक द्वारा बताय गया कि समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्रोत कार्यालयों में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) एवं संकुल अदामिक समन्वयक (जनशिक्षकों) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 08 अगस्त को आयोजित होने वाली काउन्सलिंग अपरिहार्य कारण से स्थगित की गई है. काउन्सलिंग की अगामी तिथि निर्धारित कर पृथक से सूचित किया जाएगा.

17 को निकलेगी शाही पालकी

सुठालिया 06 अगस्त, सं. सावन माह के अवसर पर तीसरे सोमवार 17 अगस्त को भगवान भोलेनाथ की शाही पालकी नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी. आयोजकों ने बताया कि शाही पालकी सायं 4 बजे नगर के प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करेगी. पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, ढोल-ताशे बेंड के साथ शिव भक्तों का जनसैलाब देखने को मिलेगा. प्रशासन द्वारा पालकी यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे. शाही पालकी को भव्य बनाने हेतु आवश्यक बैठक स्थानीय शिव मंदिर पर रखी गई जिसमे सभी मौजूदा युवाओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई. शाही पालकी को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है. इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक युवा मौजूद थे.

सीएम के वर्चुअल प्रोग्राम को लेकर तैयारी

राजगढ़ 06 अगस्त, का. मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत 07 अगस्त को पचोर में आयोजित होने वाले उद्यम संवाद कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र बिलापुरा, पचोर का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान उद्यम संवाद कार्यक्रम में आने वाले उद्योगपतियों एवं उद्यमियों के लिए बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण की जाएं तथा किसी प्रकार की कमी न रहे.

50 फीट हाइवे पर कार ने घसीटा, मौत

सड़क किनारे खड़ी महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी, पति की गोद में दम तोड़ा

दो बेटियों के सिर से मां का साया उठा नौसैनिक बेटी अंतिम संस्कार के लिए रवाना



नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 अगस्त, का. ब्यावरा-भोपाल हाईवे पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई. महिला अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी, तभी पति के बाथरूम करने के लिए रुकने पर एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी और करीब 50 फीट तक घसीटते हुए ले गई. मृतक गोकुल बाई की बेटी नौसेना में कार्यरत है.

जानकारी के अनुसार, नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव निवासी हेमराज दांगी (45) अपनी पत्नी गोकुल बाई दांगी (43) के साथ गुरुवार को अपनी बहन के गांव खुरी जा रहे थे. उन्होंने सोनकच्छ ढाबा और मोतीपुरा चौकी के बीच हनुमान मंदिर के पास अपनी बाइक रोकी थी. हादसे के बाद टोल के सीसीटीवी से बचने की कोशिश

पुलिस के अनुसार महिला को टक्कर मारने के बाद कार चालक तेज रफ्तार से ब्यावरा की ओर भागा. रास्ते में कचनारिया टोल प्लाजा पहुंचने से पहले ही उसने वाहन वापस मोड़ लिया, ताकि टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों में उसकी कार रिकॉर्ड न हो सके. हालांकि पुलिस हाईवे और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी चालक और वाहन की पहचान करने में जुटी है.

बाइक 30 फीट दूर गिरी

हेमराज दांगी बाथरूम करने के लिए सड़क किनारे कुछ कदम दूर गए, जबकि गोकुल बाई सड़क किनारे बाइक के पास खड़ी थीं. तभी पीछे से आई एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने गोकुल बाई को जोरदार टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक करीब 30 फीट दूर जा गिरी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. कार गोकुल बाई को लगभग 50 फीट तक घसीटते हुए ले गई. इस हादसे में महिला के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई. कार चालक मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे. महिला को तत्काल ब्यावरा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

एक बेटी नौसेना में, एक को नीट के लिए इंदौर छोड़ा

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और रिश्तेदार ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंच गए, जहां पूरे परिसर में चीख-पुकार और गम का माहौल रहा. मृतका अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गई हैं. बड़ी बेटी अश्विंता दांगी (22) भारतीय नौसेना में कार्यरत है, जबकि दूसरी बेटी सुनीता दांगी (20) इंदौर में नीट परीक्षा के लिए पढ़ाई कर रही है. हादसे की खबर मिलते ही दोनों बेटियां गांव के लिए रवाना हो गईं. इस दर्दनाक घटना से पूरे खेड़ी गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ ने बताया कि घटनास्थल नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में होने के कारण मर्ग कायम कर प्रकरण नरसिंहगढ़ थाने भेज दिया गया है. पुलिस फरार कार और उसके चालक की तलाश करने में जुट गई है. जल्द ही उसे पकड़ा जाएगा.



75 सीसीटीवी कैमरों से ढूंढ निकाला एक बाइक चोर

मामला बीजेपी कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी का

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 06 अगस्त, सं. पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्षु 360 के तहत कस्बे व मुख्यमार्ग पर सीसीटीव्ही कैमरे लगये गये है. जिनकी मदद से संपति संबन्धी अपराधो मे निरंतर कार्रवाई की जा रही है. पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी को ज्ञात कर ,आरोपी को मोटर साईकल सहित गिरफ्तार किया गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी धुलजी धनगर पिता गोरीलाल धनगर उम्र 58 साल निवासी निद्राखेडी थाना सारंगपुर ने रिपोर्ट किया कि 01 अगस्त को शाम 04.30 बजे अपनी मोटर साईकल हीरो स्पेलेण्डर मोटर सायकल खडी कर बीजेपी कार्यालय के अंदर चला गया था. कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो कोई अज्ञात बदमाश मोटर साईकल चोरी कर ले गये. फरियादी की सूचना पर त्वरित अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया. पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को लगभग 75 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ट्रेस किया गया. आरोपी बनवारी उर्फ बबलू पिता बद्रीलाल सेन उम्र 31 साल निवासी जरखी थाना सुंदरसी जिला शाजापुर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से प्रकरण मे चोरी गया मशरूका हीरो स्पेलेण्डर कीमत 45 हजार रूपये आरोपी के कब्जे से जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया.

दो दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव आज से प्रारंभ

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी स्वामी परमानंद गिरि होंगे शामिल



नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 अगस्त, का. शहर के अखंड परमधाम आश्रम, भोपाल बायपास पर 7 और 8 अगस्त को दो दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा. इस आयोजन में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं युगपुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज तथा स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज उपस्थित रहेंगे. संतों के आगमन को लेकर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखा जा रहा है. आयोजकों के अनुसार, 7 अगस्त को शाम 4 बजे दोनों संत ब्यावरा पहुंचेंगे, जहां आश्रम परिसर में उनका स्वागत किया जाएगा.

8 अगस्त को प्रात: 8 बजे पादुका पूजन के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी. इसके बाद स्वामी परमानंद गिरि महाराज और स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज के सान्निध्य में अमृतमयी सत्संग का आयोजन होगा. इसमें धर्म, अध्यात्म, संस्कार, राष्ट्र सेवा और मानव जीवन के मूल्यों पर प्रवचन दिए जाएंगे. सत्संग के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भी की गई है. आयोजन समिति ने बताया कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक जीवन की आवश्यकता बढ़ गई है. संतों का सान्निध्य व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है, मानसिक शांति प्रदान करता है और समाज में सद्भाव का संदेश देता है। इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग धर्म और अध्यात्म से जुड़ सकें.

समिति ने शहर और आसपास के क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है. उनका कहना है कि महान संतों के दर्शन, सत्संग और आशीर्वाद का अवसर दुर्लभ होता है, इसलिए अधिक से अधिक लोग इस आध्यात्मिक आयोजन में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करें और महाप्रसाद ग्रहण करें.

कॅरियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन

ब्यावरा 06 अगस्त, सं. उच्च शिक्षा एवं भावी जीवन के लिए विद्यार्थियों को सही दिशा देने के उद्देश्य से नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय की पाबंदी और नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी है. उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने का आव्हान किया. संचालन एनसीसी अधिकारी हेमन्त शर्मा ने किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

ब्यावरा बायपास पर गड्ढे में स्कूटी गिरी, कमर टूटी

एनएच 52 के गड्ढों में बाइक गिरने से पति की कमर की हड्डी टूटी, पत्नी भी घायल

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 अगस्त, का. राजगढ़ बायपास क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 की जर्जर सड़क एक बार फिर दुर्घटना का कारण बनी. सड़क पर बने गहरे गड्ढे में स्कूटी का पहिया उतरने से एक दंपती अनियंत्रित होकर गिर गया. इस हादसे में स्कूटी चालक की कमर की हड्डी टूट गई, जबकि उनकी पत्नी भी घायल हो गईं. स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाने में मदद की.

जानकारी के अनुसार, निवानिया गांव निवासी कैलाश सेन, जो वर्तमान में खिलचीपुर में रहते हैं, गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से ब्यावरा आ रहे थे. राजगढ़ रोड ब्रिज के पास पहुंचते ही उनकी स्कूटी का पहिया सड़क पर बने एक गहरे गड्ढे में फंस गया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर जा गिरे. हादसे में कैलाश सेन को गंभीर चोटें आईं और चिकित्सकों ने उनकी कमर के पास फ्रैक्चर बताया है. उनकी पत्नी को भी चोटें लगी हैं. घटना के बाद आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे. उन्होंने घायलों को सड़क से उठाकर पास के एक होटल में लिटाया, जहां प्राथमिक सहायता के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. सड़क पर बने गड्ढों और जलभराव के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं.



नशे के विरुद्ध सेल्फी में कैद पुलिस और स्कूली यूनिफॉर्म



नवभारत न्यूज, राजगढ़ 06 अगस्त, का. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में विद्यालय प्रबंधन द्वारा नशा मुक्ति, छात्र संवाद एवं सेल्फी विद एसपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए. पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच, लक्ष्य के प्रति समर्पण, निरंतर परिश्रम तथा नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया. पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों के साथ सेल्फी लेकर उत्साहवर्धन किया.



सरपंचों की मांग, हर गांव को सुगम सड़क दी जाए

सरपंच सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

जीरापुर 06 अगस्त, सं. सरपंच सम्मेलन का भव्य आयोजन मोहनपुरा डैम पर किया गया. इस दौरान राजगढ़ जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित हुए. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा , पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी , जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले , सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल पवांर , सरपंच संघ जिला अध्यक्ष यादव सिंह चौहान , राजगढ़ सरपंच संघ अध्यक्ष हेमराज यादव , खिलचीपुर अध्यक्ष बलवंत सिंह सिसोदिया , ब्यावरा अध्यक्ष कमल सिंह पवांर ,नरसिंहगढ़ दिनेश मीणा एवं जसवंत पटेल सारंगपुर अध्यक्ष आदरणीय महेश गुर्जर , सरपंच संगठन के जिले एवं ब्लॉक पदाधिकारी , समस्त जिला पंचायत स्टाफ , अधिकारी गण सरपंच उपस्थित रहें.

जिसमें सरपंच संघ ने विभिन्न पांच मांगों को रखा , एक बगिया मां के नाम एवं पशु, मुर्गी एवं बकरी शेड में आजीविका मिशन बाध्यता समाप्त की जाए. वीबीजी रामजी योजना में अनुमति कार्यों को ग्राम सभा की मांग एवं भौतिक स्थिति के अनुसार प्राक्कलन तैयार किया जाए.

प्रत्येक ग्राम पंचायत में सुगम संपर्क सड़क दी जाए. सर्व शिक्षा अभियान में स्कूल मरम्मत की राशि 15 वां एवं 5 वा वित्त को छोड़कर अन्य मद से प्रदान की जाए. वीबीजी रामजी योजना में कार्यों को ग्राम सभा की आवश्यकता अनुसार दिया जाए. उक्त मांगों को सरपंच संघ ने प्रशासन के समक्ष रखा.

सरपंचों ने गांवों में विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाले व्यवहारिक दिक्कतों से कलेक्टर और जिपं सीईओ को अवगत कराया साथ ही फसलों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई.

रोष 5 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, प्रदेश भर में हड़ताल शुरू

पटवारियों ने सरेंडर किए बस्ते, अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

नामांतरण और सीमांकन जैसे काम ठप, 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया



नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 अगस्त, का. मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है. इसके तहत ब्यावरा सहित प्रदेशभर के पटवारियों ने कलम बंद काम रोको आंदोलन शुरू कर दिया है. पटवारियों ने एसडीएम गोविंद दुबे को ज्ञापन सौंपकर साफ कहा है कि मांगे पूरी होने तक काम पर नहीं लौटेंगे. पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, फसल गिरदावरी, और आय-जाति प्रमाण पत्र सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं. पटवारी संघ के अध्यक्ष राधेश्याम अहिरवार ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने पटवारी महाधिवेशन आयोजित कर मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया था. हालांकि, न तो महाधिवेशन की तिथि तय हुई और न ही कोई आदेश जारी हुआ. इसी के चलते संघ को यह कदम उठाना पड़ा.

पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट में शामिल करें

संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति और समयमान वेतनमान देना, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा कराना, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट में शामिल करना, लंबित मानदेय का भुगतान और पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध हुए तबादले रद्द करना शामिल है. इस मौके पर पटवारी संघ के अध्यक्ष राधेश्याम अहिरवार, रणवीरसिंह झाला, संजय शर्मा, महेश शर्मा, चेतन पालीवाल, बुलबुल बागी, संदीप दांगी, पवन साहू, लीला भिलाला, पूजा वर्मा सहित समस्त पटवारीगण उपस्थित रहे.

मांगों को लेकर पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

राजगढ़ 06 अगस्त, का. मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने अपनी वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय राजगढ़ पर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर सलोनी डाबर को ज्ञापन सौंपा. संघ ने शासन से शीघ्र मांगों का निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रहेगा. पटवारी संघ ने ज्ञापन में बताया कि लंबे समय से कैडर रिव्यू, पदोन्नति, समयमान वेतनमान, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय के भुगतान तथा स्थानांतरण नीति के विपरीत किए गए तबादलों को निरस्त करने जैसी मांगें लंबित हैं. मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन के तहत जिले भर के पटवारियों ने पहले काली पट्टी बांधकर विरोध, शासकीय व्हाट्सएप समूहों का बहिष्कार के साथ- साथ ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया. इसके बाद 3 अगस्त से प्रदेशभर के पटवारी मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. पटवारियों के अनुसार आंदोलन के दौरान यदि दंडनात्मक कार्रवाई की जाती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

